**खबर संक्षेप**



## जालसाजों ने बैंक खाते से पार किये एक लाख 80 हजार रूपये

**कटनी।** रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत द्वारिका सिटी के रहने वाले नरेंद्र कुमार जैन को अज्ञात साइबर अपराधियों ने अपना निशाना बनाया। जालसाजों ने नरेंद्र कुमार जैन को व्हाट्सएप पर कॉल किया और उन्हें झांसे में लिया और बातों-बातों में उनके बैंक एटीएम कार्ड से जुड़ी बेहद गोपनीय जानकारियां हासिल कर लीं। जानकारी हाथ लगते ही शातिरों ने उनके खाते में सेंध लगा दी और कुल 1,80,003 रुपये ऑनलाइन आहरण कर लिए। मोबाइल पर पैसे कटने का मैसेज आने के बाद पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। रंगनाथ नगर पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर सायबर सेल की मदद से आरोपियों के बैंक खातों और लोकेशन को ट्रेस करना शुरू कर दिया है। इसी तरह बहोरीबंद में बुजुर्ग महिला के साथ भी हुआ सायबर फ्रॉड की घटना हुई। ग्राम किरहाई पिपरिया की रहने वाली 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला सती बाई कुशवाहा के साथ अज्ञात बदमाशों ने साइबर फ्रॉड की वारदात को अंजाम दिया। बुजुर्ग महिला के खाते से शातिरों ने डिजिटल माध्यम का उपयोग कर धोखाधड़ी की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

## ट्रेक्टर ने कार को मारी टक्कर, युवक घायल

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत बडागांव करहिया में ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से आ रही कार को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में कार सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार आजाद चौक निवासी कुलदीप सिंह धनूजा 27 वर्ष अपनी कार से जा रहे थे तभी बडागांव करहिया तालाब के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर क्रमांक MP 21 ZD 3347 के चालक ने अपने वाहन को बेहद तेज गति और खतरनाक तरीके से लहराते हुए लाकर कार में सामने से सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और कार चला रहे कुलदीप सिंह धनूजा को शरीर में गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के बाद आरोपी ट्रैक्टर चालक वाहन सहित मौके से भाग निकला। हादसे के बाद घायल कुलदीप सिंह को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## डेढ़ क्विंटल गेहूं चोरी करने वाला पकड़ाया



**सिलौंडी।** पुलिस द्वारा ग्राम दशरमन से चोरी गया मशरूका पुलिस टीम द्वारा बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार 02.06.2026 को चौकी सिलौड़ी पुलिस को ग्राम दशरमन के प्रार्थी विजेन्द्र कुमार लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम दसरमन बस स्टैंड में किराना की दुकान है जोकि अपनी दुकान के सामने पिकअप वाहन में रखी कट्टियों से किसी अज्ञात ने व्यक्ति करीब डेढ़ क्विंटल गेहूं चोरी कर लिया है कि रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को ढूंढ निकाला। आरोपित गांव का संतोष उर्फ बुकट्टा पिता प्रभुदयाल कोल रहा। आरोपी को मौके पर जाकर गिरफ्तार किया गया एवं मशरूका घर से डेढ़ क्विंटल गेहूं बरामद किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी अनिल कुमार पाण्डेय , प्रधान आरक्षक- अतुल शर्मा , आरक्षक -रामसेवक विश्वकर्मा, धर्मवीर सिंह की भूमिका रही।

### एसपी के निर्देशन में जिले भर के थाना क्षेत्रों में पुलिस ने चलाया अभियान

# सड़क पर उतरी पुलिस, रात भर चली कांबिंग गश्त में 117 वारंटी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में जिले भर के थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा 6 एवं 7 जून की दरम्यानी रात व्यापक कांबिंग गश्त अभियान चलाया गया।

जिलेभर में 170 से अधिक पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक साथ कार्रवाई करते हुए फरार, वांछित एवं आदतन अपराधियों के विरुद्ध सघन अभियान संचालित किया।

### दी गई सख्त चेतावनी

अभियान का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में किया गया। इसमें जिले के सभी थाना प्रभारियों सहित सीएसपी, एसडीओपी एवं डीएसपी स्तर के अधिकारी स्वयं फील्ड में मौजूद रहे।कांबिंग गश्त के दौरान पुलिस ने कुल 117 स्थायी, गिरफ्तारी एवं जमानती वारंटियों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा 93 से अधिक निगरानी बदमाशों एवं सूचीबद्ध गुंडों की चेकिंग कर उनकी गतिविधियों का सत्यापन किया गया तथा आवश्यकतानुसार सख्त चेतावनी दी गई।

पुलिस द्वारा विभिन्न न्यायालयों से जारी 50 गिरफ्तारी वारंट एवं 27 स्थायी वारंट तामील किए गए। वहीं 50 गुंडों और 43 निगरानी बदमाशों के निवास स्थानों पर दबिश देकर सत्यापन किया गया। दो जिलाबदर अपराधियों की भी जांच की गई। अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 26 आबकारी प्रकरण दर्ज किए।

रात्रिकालीन वाहन चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 12 चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई, जबकि अन्य यातायात नियम उल्लंघनों में 42 चालान बनाए गए।इसके अलावा एक व्यक्ति के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बीएनएसएस की विभिन्न धाराओं के तहत 200 से अधिक व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए कांबिंग गश्त एवं विशेष अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर करें सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर नियंत्रण हेतु प्रभावी और सख्त कार्यवाही करें।साथ ही शासन द्वारा निर्धारित खनिज राजस्व लक्ष्यों की वसूली कार्य में तेजी लायें। यह निर्देश कलेक्टर आशीष तिवारी ने खनिज विभाग की विभागीय गतिविधियों, राजस्व वसूली एवं प्रवर्तन कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक में दिये। इस दौरान उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, सहायक खनिज अधिकारी और खनिज निरीक्षक मौजूद रहे।

समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि अवैध खनिज गतिविधियों की रोकथाम के लिए नियमित निगरानी और सतत कार्रवाई आवश्यक है। उन्होंने माइनिंग सर्विलांस सिस्टम (एमएसएस) एवं ई-चेक गेट जैसी तकनीकी व्यवस्थाओं का उपयोग बढ़ाते हुए निगरानी तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

### करें संयुक्त कार्यवाही

कलेक्टर श्री तिवारी ने राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से कार्रवाई करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण से संबंधित शिकायतों एवं सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा प्रवर्तन कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए।

### लापरवाही नहीं बरतें

बैठक में सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत दर्ज शिकायतों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों का समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को राजस्व वसूली की प्रगति की नियमित समीक्षा करने, लक्ष्य के अनुरूप कार्ययोजना तैयार करने तथा मैदानी स्तर पर निरीक्षण बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही खनिज संसाधनों के संरक्षण एवं वैधानिक प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विशेष ध्यान देने को कहा।

बैठक में खनिज विभाग के अधिकारियों ने राजस्व वसूली, प्रवर्तन कार्रवाइयों, सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की स्थिति तथा विभाग की आगामी कार्ययोजना की जानकारी प्रस्तुत की। कलेक्टर ने निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए संबंधित विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए।

# 12 से 18 जून तक लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 12 से 18 जून 2026 की अवधि में जिले के प्रत्येक विकासखण्ड एवं नगरीय निकाय मुख्यालयों पर 03 दिवसीय 'जनकल्याण शिविर' आयोजित किये जायेंगे। इन शिविरों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करना और आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जायेगा। जिले में संचालित केन्द्र एवं राज्य शासन की प्रमुख हितग्राहीमूलक योजनाओं (सेचुरेशन एवं लक्ष्य आधारित) के पात्र किन्तु वंचित हितग्राहियों की पहचान विभागीय मैदानी अमले के सहयोग से कर उनका पंजीयन, स्वीकृति एवं लाभ वितरण की कार्यवाही प्राथमिकता से की जायेगी। साथ ही विभिन्न विभागों की हितग्राहीमूलक योजनाओं के साथ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालयों (आईएचएचएल) के लिये भी हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त कर उनका पंजीयन एवं निराकरण सुनिश्चित किया जायेगा।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस संबंध में सभी संभागायुक्त, कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, आयुक्त, नगर पालिक निगम और नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये है। निर्देशों में कहा गया है कि शिविरों का रोस्टर इस प्रकार तैयार किया जाए कि यथासंभव कलेक्टर/अपर कलेक्टर/मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जिले के समस्त विभागों के जिला अधिकारियों के साथ प्रत्येक शिविर में उपस्थित रहें और विभागीय योजनाओं, सेवाओं, शिकायतों एवं लंबित प्रकरणों का परीक्षण कर यथासंभव मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

## आदतन अपराधी का किया जिलाबदर

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने शंकरगढ पहरूआ थाना कुठला निवासी अरविंद चौधरी पिता रामप्रसाद उर्फभगोली चौधरी 24 वर्ष के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर आगामी 4 माह की अवधि के लिए जिले की राजस्वा सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला बदर की यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है। अरविंद चौधरी एक आदतन अपराधी है। इसके विरुद्ध वर्ष 2021 से अब तक थाना कुठला में 5 और महिला थाना में एक सहित कुल 6 अपराधिक प्रकरण दर्ज है। जिसमें चोरी, आमजनता के साथ मारपीटजैसे अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा अरविंद के विरूद्ध कई बार वैधानिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां की गई हैं, फिर भी आदतन अपराधी के आचरण व्यावहार में कोई सुधार नहीं हुआ। आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री तिवारी ने आदतन अपराधी अरविंद चौधरी को 24 घंटे के भीतर कटनी जिले की राजस्वं सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना एवं उमरिया जिले की राजस्वं सीमाओं से 4 माह की अवधि के लिए बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

## जर्जर सड़क के गड्ढों में बेशरम के पौधे रोपकर जताया विरोध



सड़क में जगह जगह छोटे बड़े गड्ढों की वजह से आवागमन में हो रही परेशानी एवं हादसों की आशंका के चलते लोगों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। कैमोर पहुंची मार्ग में ग्राम देवरी मझगवां (लभेरहा) के पास का खाईनुमा गड्ढा बन गया है। बार-बार ध्यान आकर्षण कराने के बाद भी जब जिम्मेदार अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया तब नाराज लोगों ने गड्ढों में भरे पानी के बीचों-बीच 'बेशरम के पौधे' रोप दिए। लोगों का कहना है कि इसी मार्ग से क्षेत्र के एसडीएम, तहसीलदार सहित कई अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का आना जाना रहता है। इसके बावजूद सड़क की यह दुर्दशा और राहगीरों को हो रही परेशानियों को दूर करने कोई प्रयास नहीं किये जा रहे। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दौरान पानी भरे होने के कारण वाहन चालकों को गड्ढे की वास्तविक गहराई का अंदाजा नहीं मिल पाता, जिससे आए दिन दोपहिया वाहन चालक फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि गड्ढे को तत्काल नहीं भरा गया और सड़क की मरम्मत शुरू नहीं हुई तो आने वाले दिनों में आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# रूपोंद रेलवे गेट के बंद रहने से वाहनों की लगती है लंबी कतार, ब्रिज बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



जनपद अंतर्गत रूपोंद रेल्वे स्टेशन पर बना रेल्वे गेट दिन में कई बार बन्द रहने से लोगों के लिए परेशानी का पर्याय बन चुका है। शासन के द्वारा बाधा रहित मार्ग उपलब्ध करवाने के अनेकों वादे घोषणाएं की जा रही हैं किंतु इसके विपरीत बड़वारा विधानसभा में रूपोंद रेल्वे स्टेशन में आज तक ब्रिज बनवाने की दिशा में किसी भी जनप्रतिनिधि के द्वारा किसी भी प्रकार की कार्रवाई नही की गई। रूपोंद रेल्वे गेट से रोजाना कई ग्रामों से लोगों का आवागमन होता है, दिन भर वाहनों का आवागमन होता है वाहनों की लंबी लम्बी कतार लगती हैं जिसमे शासन की ही एम्बुलेंस शामिल है इस एम्बुलेंस में गम्भीर बीमारी से ग्रसित व्यक्ति इलाज करवाने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा आते हैं, गर्भवती महिलाएं भी प्रसव करवाने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा आती हैं किन्तु गेट बंद रहने से घण्टों एम्बुलेंस में होने के बावजूद गेट खुलने का इंतजार करना पड़ता है जिससे इनकी जान पर संकट गहरा जाता है।

बड़वारा के नागरिकों एवं कांग्रेस पार्टी के ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विकास निगम, ओमकार सिंह जिलाध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस कटनी एवं शैलेष जायसवाल विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस बड़वारा ने भी आम जन को सुगम मार्ग उपलब्ध करवाने हेतु रूपोंद रेल्वे गेट में ओवर ब्रिज या अंडर ब्रिज बनवाये जाने की शासन से मांग की है।

### ई टोकन द्वारा ही खाद वितरण करने कलेक्टर ने दिये निर्देश

# खाद की रैक झुकेही पहुंची, जिले को मिलेगी 745 मीट्रिक टन एनपीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से निरंतर संवाद और सार्थक प्रयासों की वजह से वर्तमान में खरीफ फसलों के लिए एनपीके खाद की एक रैक झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे जिले को 745 मीट्रिक टन एनपीके मिलेगी।

उपसंचालक कृषि ने बताया कि रैक से आई एनपीके में से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 100 मीट्रिक टन, स्लीनमनाबाद डबल लॉक केन्द्र के लिए 200 मीट्रिक टन एनपीके, मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्रल के लिए 60 मीट्रिक टन एनपीके उर्वरक आवंटित की गई है। जबकि जिला सहकारी केन्द्री य बैंक कटनी को 300 मीट्रिक टन एनपीके आवंटित की गई है। इसी प्रकार सीएमएस उमरियापान ढीमरखेड़ा को 25 मीट्रिक टन और एमपी एग्रो कटनी को 60 मीट्रिक टन खाद आवंटित की गई है। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

कलेक्टर ने उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि जिले में बिना ई-टोकन के खाद का वितरण न हो। किसान की जमीन (खसरा नंबर) और बोई गई फसल के आधार पर खाद की मात्रा सॉफ्टवेयर द्वारा तय की जाएगी। इससे जरूरत से ज्यादा भंडारण या कालाबाजारी पर पूरी तरह लगाम लगेगी। किसान अब घर बैठे पोर्टल पर देख सकेंगे कि किस केंद्र पर कितना स्टॉक उपलब्ध है। किसान भाई अपनी सुविधा अनुसार प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां (पैक्स ), डबल लॉक केंद्र और निजी विक्रेताओ, सशुल्क एमपी ऑनलाइन और कॉमन सर्विस सेंटर केंद्रों पर जाकर ई-टोकन प्राप्त कर सकते हैं। शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि कोई भी सहकारी समिति या निजी विक्रेता बिना ई-टोकन के खाद का विक्रय करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

जिले के समस्त कृषकों से अपील की गई है कि वे अपनी मिट्टी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए केवल संतुलित उर्वरकों का ही उपयोग करें। अनावश्यक खाद का प्रयोग न केवल लागत बढ़ाता है, बल्कि भूमि की उर्वरक शक्ति को भी नुकसान पहुँचाता है।

### यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से की सुरक्षा नियम अपनाने की अपील

# सुर्खी टैंक ब्लैक स्पॉट पर हादसों को रोकने के लिए लगाए चेतावनी बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले के चिन्हित ब्लैक स्पाटो पर लगातार हो रहे हादसों को रोकने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा सुरक्षा इंतजाम एवं संकेतक लगाने की पहल की गई है। वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए पुलिस ने एक विशेष मुहिम शुरू की है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह द्वारा थाना एनकेजे क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुर्खी टैंक (सरसवाही मार्ग) स्थित 'ब्लैक स्पॉट' का निरीक्षण किया गया और वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए।

### कई लोगों की हुई मौत

सुर्खी टैंक और सरसवाही मार्ग पर पिछले कुछ समय में लगातार गंभीर सड़क दुर्घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी और कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए यातायात पुलिस ने इस दुर्घटना संभावित क्षेत्र (ब्लैक स्पॉट) पर विशेष ध्यान दिया है।

### जागरूकता के लिए लगाए गए फ्लेक्स और संकेतक

यातायात पुलिस द्वारा इस मार्ग पर वाहन चालकों को सचेत करने के लिए विभिन्न स्थानों पर चेतावनी और जागरूकता संबंधी फ्लेक्स बोर्ड व सावधानी संकेतक (साइन बोर्ड) स्थापित कराए गए हैं।

इन बोर्डों के माध्यम से चालकों को निम्नलिखित नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है जिनमें मुख्य रूप से वाहन को तय रफ्तार में ही चलाएं। ओवरटेकिंग से बचें टर्न और संवेदनशील मोड़ों पर ओवरटेक न करें। दुपहिया वाहन चालक अनिवार्य रूप से हेलमेट और चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का उपयोग करें।

### हादसो को रोकने के लिये जरूरी है सामूहिक जिम्मेदारी

यातायात पुलिस ने स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों से अपील की है कि सड़क सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सड़क पर की गई थोड़ी सी लापरवाही किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, जबकि नियमों का पालन कर कीमती जिंदगियों को बचाया जा सकता है।

### ब्लैक स्पाटों का सर्वेक्षण

यातायात प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि आने वाले दिनों में जिले के अन्य चिन्हित ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों का भी बारीकी से सर्वेक्षण किया जाएगा। जनसहयोग के माध्यम से दुर्घटना मुक्त और सुरक्षित यातायात व्यवस्था स्थापित करने के लिए पुलिस द्वारा सुधारात्मक कदम और जागरूकता अभियान जारी रहेंगे।

# अमानक दही बेचने पर डेयरी संचालक पर 20 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अमानक दही का संग्रहण और विक्रय करने के मामले में न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 'दिल्ली दुग्ध डेयरी' के संचालक पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। यह कार्यवाही डेयरी से लिए गए दही के नमूने के जांच में 'अमानक' पाये जाने के बाद की गई है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ब्रजेश कुमार विश्वकर्मा ने 2 अगस्त 2024 को नई बस्ती के पास स्थित 'दिल्ली दुग्ध डेयरी' का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान डेयरी में दूध, दही और पनीर विक्रय हेतु रखे पाए गए थे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी को दही और मिश्रित दूध की गुणवत्ता पर संदेह हुआ, जिसके बाद उन्होंने विधिवत नमूने लिए और उन्हें जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला, भोपाल भेजा। जांच रिपोर्ट में डेयरी से लिया गया दही का नमूना 'अमानक' पाया गया। इसके बाद विभाग द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर डेयरी संचालक श्री नर्मदा प्रसाद मिश्रा को नोटिस जारी किया गया।नोटिस के जवाब में डेयरी संचालक ने यह तर्क दिया कि दही उनके द्वारा स्वयं नहीं बनाया जाता है, बल्कि वे इसे अन्य डेयरी वालों से खरीदकर बेचते हैं। साथ ही, उन्होंने कहा कि उन्हें दही की गुणवत्ता के बारे में जानकारी नहीं थी। हालाँकि, न्यायालय ने इस बचाव को स्वीकार नहीं किया और जुर्माना लगाया।

## खबर संक्षेप

### आपदा प्रबंधन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कल

**कटनी।** जिले में आपदा तैयारियों को मजबूती प्रदान करने के लिए कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर "भूकंप आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं आपदा प्रबंधन" विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 9 जून को डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड कार्यालय, कटनी में प्रातः 10:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक आयोजित होगा। कार्यशाला में लगभग 200 से 250 छात्रों को आपदा प्रबंधन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन का परिचय, भूकंप आपदाओं का अवलोकन, भूकंप से पूर्व की तैयारियां, जोखिम न्यूनीकरण के उपाय, आपदा के दौरान त्वरित प्रतिक्रिया तथा राहत एवं पुनर्वास प्रबंधन जैसे विषयों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

### पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिये किया प्रेरित



**कटनी।** बारडोली वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष आर. एल. चौधरी के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जल स्त्रोतों का संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता का कार्यक्रम करते हुए स्थानीय शिव मंदिर में सघन पौधरोपण किया गया, इस अवसर पर इनका रहा महत्वपूर्ण सहयोग, बारडोली वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष आर एल चौधरी, काशी विश्वकर्मा, रविकांत राय, राजेश चौधरी, माया गुप्ता, रूपा बर्मन, कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार चौधरी एवं बारडोली वेलफेयर सोसायटी के सेक्टर प्रभारी गणपत कोल सहित संस्था के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अपनी अपनी सहभागिता प्रदान किया।

### महाविद्यालय में पौधरोपण



**बड़वारा।** शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ₹एक पेड़ मां के नाम ₹ ₹अभियान के अंतर्गत पौधा रोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम का उद्देश्य वृक्षारोपण के माध्यम से सामाजिक जागरूकता बढ़ाना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति छात्राओं तथा समाज में चेतना जागृत करना रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एल. के.सिंह, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़वाल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.सुजीत सिंह के नेतृत्व में समस्त शिक्षक,कर्मचारी गण तथा छात्र छात्राओं ने पर्यावरण के संरक्षण हेतु संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. आर.के.त्रिपाठी प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय बरही एवं डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही, कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र व छात्राओं द्वारा पक्षियों को पानी के लिए पेड़ों पर सकोरे भी बांधे गए।

---

### पारंपरिक खेलकूद गतिविधियों से बचपन की यादें हुई जीवंत, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिये किया प्रेरित

# तनावमुक्त वातावरण में स्वस्थ जीवनशैली का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा वीर सावरकर वार्ड स्थित शंभू टॉकीज मार्ग पर आयोजित 'राहगीरी डे' रविवार की सुबह नागरिक सहभागिता, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का अद्भुत उदाहरण बना। कुछ घंटों के लिए वाहनों की आवाजाही से मुक्त हुए मार्ग पर जब बच्चों की खिलखिलाहट, युवाओं का उत्साह, बुजुर्गों का योग और स्वच्छता के प्रति जनसंकल्प एक साथ दिखाई दिया, तब यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि जागरूक नागरिक संस्कृति का जीवंत उत्सव दिखाई दिया।

कार्यक्रम में महापौर प्रीति संजीव सूरी, जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी,नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, वनमण्डलाधिकारी गर्वित गंगवार, निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, निगम के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर, गणमान्य नागरिकों, उद्योगपतियों, चिकित्सकों, युवाओं, महिलाओं, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।





नो-व्हीकल जोन में परिवर्तित शंभू टॉकीज मार्ग पर नागरिकों ने तनावमुक्त वातावरण में विविध खेल एवं मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लिया। बच्चों ने पेंटिंग और हॉर्स राइडिंग के माध्यम से उत्साह का परिचय दिया तो वरिष्ठ नागरिक योग एवं व्यायाम से स्वस्थ जीवनशैली का संदेश देते नजर आए। रस्साकशी, सांप-सीढ़ी, पिट्ठू, शतरंज, कैरम, चम्मच-नींबू दौड़ और लंगड़ी जैसे पारंपरिक खेलों ने लोगों को अपने बचपन की यादों से जोड़ दिया।

जुंबा सत्र में नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने पूरे वातावरण को ऊर्जा से भर दिया। वहीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और मैजिक शो के माध्यम से स्वच्छता एवं जल संरक्षण का संदेश भी प्रभावी ढंग से प्रसारित किया गया।

#### खुली पाठशाला से स्वच्छता की सीख

राहगीरी डे का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता के प्रति व्यवहारिक रूप से जागरूक करना था। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एकल-उपयोग प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए कपड़े के थैलों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। 'फोर बिन' मॉडल के जरिए नागरिकों को गीले, सूखे एवं अन्य प्रकार के कचरे के पृथक्करण की जानकारी दी गई।इसके साथ ही प्लास्टिक की बोतलों एवं अनुपयोगी रैपर से इको-ब्रिक्स तैयार करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन कर अपशिष्ट प्रबंधन और पुनर्चक्रण की उपयोगिता भी समझाई गई। इस पहल ने स्वच्छता को केवल सफाई तक सीमित न रखकर पर्यावरण संरक्षण से भी जोड़ा।

#### स्वच्छता का लिया संकल्प

कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता की शपथ दिलाई। और सभी से नगर की स्वच्छता में सहयोग प्रदान करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। सामूहिक संकल्प के इस क्षण ने पूरे आयोजन को जन-जिम्मेदारी और नागरिक चेतना का स्वरूप प्रदान किया।

#### बच्चों से लेकर वरिष्ठजन रहे शामिल

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने कहा कि जब एक ही मंच पर बच्चे खेलते हुए, युवा फिटनेस गतिविधियों में भाग लेते हुए और वरिष्ठजन योग करते हुए दिखाई देते हैं, तब यह किसी भी शहर की सकारात्मक सामाजिक चेतना का संकेत होता है। स्वच्छता और स्वास्थ्य का यह समन्वय न केवल बेहतर जीवनशैली को बढ़ावा देता है बल्कि स्वच्छ एवं विकसित शहर की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है।

#### पौधे भेंट कर दिया गया संदेश

कार्यक्रम का सबसे अनूठा पाल समापन के दौरान देखने को मिला। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को महापौर, निगमाध्यक्ष, एवं निगमायुक्त द्वारा सम्मानित किया गया। विशेष रूप से नगर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में योगदान देने वाले स्वच्छता मित्रों का सम्मान कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। प्रतिभागियों को तुलसी के पौधे, कपड़े का थैला एवं उपहार भेंट कर पर्यावरण संरक्षण और हरित जीवनशैली का संदेश दिया गया।

'राहगीरी डे' ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि नागरिक सहभागिता से संचालित एक जन-आंदोलन है। जब पूरा शहर मिलकर स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेता है, तब एक बेहतर, सुंदर और जागरूक कटनी की परिकल्पना साकार होती दिखाई देती है। कार्यक्रम के दौरान निगम उपयुक्त शैलेश गुप्ता, श्रीमती प्रियंका झारिया, राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक आदि मौजूद रहे।

---

*भवन स्वामियों से कहा जर्जर भवनों को स्वयं से हटाने की करें कार्यवाही*

# शहर में हादसों को आमंत्रण दे रहे जर्जर भवनों पर चला निगम का बुल्डोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आगामी वर्षा ऋतु के दौरान जर्जर भवनों से होने वाली संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निगम प्रशासन द्वारा महात्मा गांधी वार्ड अंतर्गत घंटाघर क्षेत्र स्थित वर्मा गली में लंबे समय से जर्जर एवं जोखिम पूर्ण अवस्था में खड़े भवन को चरणबद्ध कार्रवाई करते हुए शनिवार को उक्त जर्जर भवन को पूर्णतः ध्वस्त किया जाकर सुगम आवागमन व्यवस्था हेतु स्थल, मार्ग से मलबा हटाने की कार्यवाही प्रचलित है।

अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि जन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा शुक्रवार को प्रथम चरण में मशीनों के माध्यम से भवन के अत्यधिक जर्जर एवं खतरनाक हिस्सों को हटाने की कार्यवाही प्रारंभ की गई थी। उन्होंने बताया कि भवन के कुछ हिस्सों तक मशीनरी की पहुंच संभव नहीं होने के कारण शेष कार्य को मैनुअल तरीके से संपादित किया गया। इसके लिए श्रमिकों की सहायता से सावधानीपूर्वक भवन को चरणबद्ध रूप से हटाया गया तथा शनिवार रात्रि तक उक्त जर्जर भवन को पूर्णतः ध्वस्त कर स्थल को सुरक्षित बना दिया गया। इस कार्यवाही से क्षेत्र में लंबे समय से बना संभावित दुर्घटना का खतरा पूरी तरह समाप्त हो गया है।





नगर निगम प्रशासन द्वारा वर्षा पूर्व विशेष अभियान के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित जर्जर एवं खतरनाक भवनों का सर्वेक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। निगम प्रशासन ने जर्जर भवन स्वामियों से भी अपील की है कि वे अपने जर्जर अथवा दुर्घटना संभावित भवनों की को स्वेच्छा से हटाने की कार्यवाही करें, जिससे समय रहते जन सुरक्षा सुनिश्चित की

---

### पक्षियों के लिये पानी का इंतजाम करने सकोरा अभियान



शासकीय महाविद्यालय बड़वारा के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग, खेल समिति तथा स्पोर्ट्स क्लब के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सकोरा अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत भीषण गर्मी में चिड़ियों को पानी के लिए ठंडे पानी के सकोरे महाविद्यालय परिसर में लगाए गए। मिट्टी के सकोरों को महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल के निर्देशन में स्पोर्ट्स क्लब के खिलाड़ी छात्र छात्राओं द्वारा स्पोर्ट्स थीम पर तैयार किया गया था। जिसके अंतर्गत सकोरों पर खेल के चित्र, फुटबॉल, बैडमिंटन रैकेट, चेस, स्पोर्ट्स लोगो, ट्रॉफी आदि बनाए गए थे। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी देना एवं छात्रों को पर्यावरण से जोड़ना था। अभियान के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एल .के. सिंह, वरही महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार त्रिपाठी, तिलक कॉलेज से डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे। सभी ने पेड़ों पर सकोरे लगाए एवं खेल विभाग के इस अभियान की सराहना की। अभियान में महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल के साथ क्रीड़ा समिति की सदस्य डॉ. योगिता अरजरिया, श्रीमती तोषी पटेल, डॉ कल्पना सतनामी, डॉ. मुकेश झारिया, डॉ. रामनरेश वर्मा एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ डॉ. विमला कुमारी, डॉ. रचना पाण्डेय, डॉ. सुजीत सिंह, डॉ. रामकिशोर आर्या, डॉ. ब्रजेश पांडे ने पेड़ों पर सकोरे लगाए। साथ ही छात्रों ने भी पूरे परिसर में सकोरे लगाकर उनमें पानी भरने की व्यवस्था की। रविन्द्र महोबिया, संजय बर्मन, उमेश डोमार ने भी आवश्यक सहयोग प्रदान किया।

---

# आईटीआई प्रवेश के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय आईटीआई ढीमरखेड़ा द्वारा आईटीआई प्रवेश सत्र 2026-27 के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान संचालक, कौशल विकास संचालनालय, मप्र के निर्देशन एवं नोडल प्राचार्य देवेश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है।

अभियान के तहत प्राचार्य आईटीआई ढीमरखेड़ा श्री संत सिंह एवं प्रशिक्षक श्री अनिल तिवारी की टीम ने ग्राम उमरिया पान, इटवा, इटवा टोला, बार, बरेली टोला, मिनी टोला एवं भानपुरा नंबर-13 का दौरा किया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को आईटीआई में उपलब्ध विभिन्न ट्रेड, प्रवेश प्रक्रिया, रोजगार के अवसर तथा कौशल विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।



प्रचार-प्रसार के दौरान विद्यार्थियों में आईटीआई प्रवेश को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। मौके पर ही 10 विद्यार्थियों का ऑनलाइन पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग भी कराई गई, जिससे अभियान की उपयोगिता स्पष्ट हुई।

इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर श्रीमती अंजना पटेल सहित कार्यकर्ता श्रीमती किरण मिश्रा, श्रीमती इंद्रा गर्ग, श्रीमती संजनी को एवं श्रीमती दुर्गा उपाध्याय का सराहनीय सहयोग रहा। संस्था द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

संस्था ने जानकारी दी है कि आईटीआई प्रवेश सत्र 2026-27 के लिए पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग की अंतिम तिथि 30 जून 2026 निर्धारित है। इच्छुक विद्यार्थी समय रहते आवेदन कर सकते हैं।

शासकीय आईटीआई ढीमरखेड़ा द्वारा यह अभियान 30 जून तक निरंतर जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रशिक्षण से जोड़कर उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा सकें।

---

*जगमोहन दास वार्ड में 29 लाख के विकास कार्यों की दी सौगात*

# शहर में सुविधाओं के विस्तार के साथ हरित भविष्य का निर्माण हमारा लक्ष्य : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम कटनी द्वारा विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के दोहरे संकल्प को साकार करते हुए बाबू जगमोहन दास वार्ड अंतर्गत गोवर्धन धाम कॉलोनी में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। लगभग 29.48 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले सी.सी. नाली एवं सी.सी. रोड निर्माण कार्यों की आधारशिला महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद जयनारायण निषाद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में रखी गई।

कार्यक्रम में विकास कार्यों के भूमिपूजन उपरांत "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों द्वारा पौधारोपण भी किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित कटनी के निर्माण का संकल्प लिया। पौधारोपण के माध्यम से विकास और प्रकृति के संतुलन का संदेश देते हुए नागरिकों से अधिकाधिक वृक्षारोपण करने की अपील की गई।



भूमिपूजन अंतर्गत गोवर्धन धाम कॉलोनी में 13.66 लाख रुपये की लागत से सी.सी. नाली निर्माण कार्य तथा 15.82 लाख रुपये की लागत से सी.सी. रोड निर्माण कार्य कराया जाएगा। इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ होगी, आवागमन सुगम बनेगा तथा नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि नगर के विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण भी समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। विश्व पर्यावरण दिवस पर विकास कार्यों के शुभारंभ एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन इसी सोच का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा प्रत्येक वार्ड में नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने के साथ-साथ हरित वातावरण के निर्माण के लिए भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

क्षेत्रीय पार्षद जयनारायण निषाद ने कहा कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के सरल, सहज एवं जनहितैषी नेतृत्व के कारण नगर के सभी वार्डों में विकास कार्यों को निरंतर गति मिल रही है।

---

### अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चे सीख रहे नई नई विधायें

# खेल-कला-संस्कृति की गतिविधियों से निखर रहा विद्यार्थियों का व्यक्तित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक निगम द्वारा संचालित विद्यालयों में आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रतिभा शिविर-2026 बच्चों की प्रतिभाओं को नई उड़ान देने का सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है। शिविर के प्रथम एवं द्वितीय दिवस में ही विद्यार्थियों का उत्साह, ऊर्जा और सीखने की ललक देखने योग्य रही। नगर निगम द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से आयोजित इस विशेष शिविर में खेल, कला, संस्कृति, संगीत एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़ी विविध गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को अपनी रुचियों और क्षमताओं को पहचानने तथा उन्हें विकसित करने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

नगर निगम के साधुराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, के.सी.एस. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं ए. रवीन्द्रनाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संचालित शिविर के दौरान छात्र-छात्राएं अपनी पसंदीदा गतिविधियों में पूरे उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। विद्यालय परिसर खेल मैदानों की सक्रियता, कला कक्षाओं की रचनात्मकता और सांस्कृतिक गतिविधियों की मधुर प्रस्तुति से जीवंत हो उठे हैं।

#### इन गतिविधियों का आयोजन

खेल गतिविधियों के अंतर्गत स्केटिंग, वॉलीबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, कबड्डी, टेबल टेनिस एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण के सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं रचनात्मक गतिविधियों में पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, कुकिंग एवं शतरंज जैसी विधाओं के माध्यम से बच्चों की सृजनात्मक क्षमता को प्रोत्साहित किया जा रहा है। सांस्कृतिक प्रशिक्षण में कत्थक, वेस्टर्न डांस एवं शास्त्रीय संगीत की कक्षाएं बच्चों को भारतीय एवं आधुनिक कला संस्कृतियों से जोड़ रही हैं।



#### अनुभवी एवं दक्ष प्रशिक्षक दे रहे प्रशिक्षण

शिविर की विशेषता यह है कि विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी एवं दक्ष प्रशिक्षक विद्यार्थियों को नियमित रूप से प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। वॉलीबॉल में अर्चना मनोपाध्याय, टेबल टेनिस में सीबीएस अहिरवार, बैडमिंटन में आलोक जोसेफ, कबड्डी में विशांत जोसेफ, क्रिकेट में डेविड सर, स्केटिंग में रांकित चक्रवर्ती तथा शतरंज में हर्षित चक्रवर्ती बच्चों को तकनीकी प्रशिक्षण दे रहे हैं। वहीं आर्ट एंड क्राफ्ट एवं पेंटिंग का प्रशिक्षण सुमित रैकवार तथा कुकिंग का प्रशिक्षण पलक पाठक द्वारा प्रदान किया जा रहा है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण अहिरवार सर द्वारा दिया जा रहा है। सांस्कृतिक गतिविधियों में श्रीमती आशा शर्मा कत्थक, दीपा शर्मा वेस्टर्न डांस तथा धर्मेंद्र चौधरी शास्त्रीय संगीत का प्रशिक्षण देकर बच्चों की कलात्मक प्रतिभाओं को निखार रहे हैं।

प्रशिक्षण सत्रों के दौरान विद्यार्थियों में सीखने की गहरी रुचि, अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। बच्चे नई-नई विधाओं को सीखते हुए न केवल अपने कौशल का विकास कर रहे हैं, बल्कि टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल और आत्मविश्वास जैसे महत्वपूर्ण गुणों को भी आत्मसात कर रहे हैं।

निगम प्रशासन ने बताया कि ग्रीष्मकालीन प्रतिभा शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की अंतर्निहित प्रतिभाओं को पहचान कर उन्हें उचित मंच उपलब्ध कराना तथा उनके शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं रचनात्मक विकास को प्रोत्साहित करना है। ऐसे शिविर बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं।

---

# जनसंतुष्टि आधारित फीडबैक के आधार पर बहोरीबंद थाना को मिला पहला नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनसेवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और पुलिस व्यवस्था में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कटनी पुलिस द्वारा माह मई 2026 के लिए जिले के समस्त थानों की जनसंतुष्टि आधारित रैंकिंग जारी की गई है। नागरिकों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर तैयार इस रैंकिंग में थाना बहोरीबंद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

पुलिस विभाग के अनुसार यह रैंकिंग थानों में आने वाले फरियादियों, आगंतुकों एवं आम नागरिकों द्वारा दिए गए सुझावों और प्रतिक्रियाओं के आधार पर तैयार की गई है। फीडबैक का संकलन आगंतुक रजिस्टर में दर्ज टिप्पणियों के साथ-साथ पुलिस के नवाचार "स्कैन करें, फीडबैक भरें" अभियान के तहत लगाए गए डिजिटल स्कैनर के माध्यम से ऑनलाइन प्राप्त प्रतिक्रियाओं से किया गया। प्राप्त फीडबैक की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा क्रॉस कॉलिंग कर सत्यापन भी किया गया।

#### थानावार जारी रैंकिंग

जारी रैंकिंग में थाना बहोरीबंद 91.8 प्रतिशत जनसंतुष्टि के साथ प्रथम, थाना उमरियापान 90.49 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा थाना रीठी 89.78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहा। वहीं अपेक्षाकृत निम्न रैंकिंग वाले थानों में बड़वारा (84.96 प्रतिशत), एनकेजे (86.61 प्रतिशत) और बाकल (86.86 प्रतिशत) शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने संबंधित थानों को सेवाओं में और अधिक सुधार करने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस द्वारा शुरू की गई "स्कैन करें, फीडबैक भरें" पहल आम नागरिकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है। शिकायत दर्ज कराने वाले पीड़ितों, चरित्र सत्यापन के लिए आने वाले युवाओं तथा अन्य आगंतुकों ने बड़ी संख्या में अपने अनुभव साझा किए हैं। प्राप्त प्रतिक्रियाओं में अधिकांश नागरिकों ने थाना प्रभारियों और पुलिस कर्मचारियों के व्यवहार, त्वरित कार्रवाई तथा सेवा गुणवत्ता की सराहना की है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनसंतुष्टि आधारित यह व्यवस्था थानों के कार्यों का सतत मूल्यांकन करने के साथ-साथ पुलिस और जनता के बीच विश्वास को और मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## खबर संक्षेप

### मजदूर आदमी कोई पूछ नहीं रहा घर बखरी सब चले गये बांध बंध रहे



**पन्ना।** यह कहानी ढ़ोढ़न डेंम जो केन नदी में बनाया जा रहा है। जहां कई गांवों के लोगों को विस्थापित किया गया। यहां लम्बे अर्से से योजना के माध्यम से जो डेम बनाया जा रहा था उसमें विस्थापितों के द्वारा विरोध जताया गया। आंदोलन भी चला लेकिन किसी तरीके से सरकार सफल हुए। पर आज भी गरीब मजदूर महिला का दर्द सोशल मीडिया में जो वायरल हो रहा वह कहीं न कहीं स्वयं बयां कर रही है। हमारी घर बखरी चली गई सरकार डेम बना रही है। हम कहां जाये डोक्कर घर को पांच लाख दिये गये मुआवजा की राशि वहीं घर में पांच सदस्य जिन्हें कुछ नहीं मिला। आखिर गरीबों को लेकर आज भी कई सवाल स्वयं ही सुर्खियां बनी है। मजदूर आदमी कोई सुन नहीं रहा। इस तरह से कई बार सुर्खियां बनती है दास्ता। सरकार ऐसी है कि गरीब आदमी को कुर्सी में बैठकर मार रही है। कोई शासन सुन नहीं रहा। इस तरह से केन बेतवां लिंक परियोजना में जिस तरह से गरीबों का दर्द सोशल मीडिया में आज भी सुर्खियां बन रहा है। भले ही सरकार डेम बनाकर विकास के दावे कर रही है पर यहां तो गरीबों की दास्ता अलग ही बयां हो रही है।

### बेटे के मौत के मामले को लेकर मां ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार



**पन्ना।** जिले के सिमरिया थाना अंतर्गत ग्राम पुरेना निवासी गुलाब बाई पति राम कृपाल सेन ने पुलिस अधीक्षक के नाम दिए गए आवेदन में बताया कि मेरा पुत्र महेश सेन गांव में अतुल तिवारी के टेंट पर काम करता था ।विगत 22 अप्रैल को उसकी तबीयत खराब थी जिसके कारण वह घर पर था। अतुल तिवारी जबरदस्ती टेंट के काम के लिए ग्राम कामताना ले गए रास्ते में मृत्यु हो गई उसे स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज ले गए तथा हम लोगों को सूचना दी गई हम लोग पहुंचे तो अतुल तिवारी ने बताया कि उसकी मृत्यु हो गई है उसके बाद उसका पोस्टमार्टम भी नहीं कराया गया तथा प्रयागराज इलाहाबाद भेजकर अंतिम संस्कार कर दिया गया मृतक की माँ ने आरोप लगाया कि उसकी मृत्यु दुर्घटना में नहीं साजिश के तहत की गई है इसलिए संपूर्ण मामले की जांच की जाए तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### नगर पालिका पन्ना के वार्ड नंबर 12 में गंदगी का आलम



**पन्ना।** नगर पालिका पन्ना के बेनी सागर मोहल्ला वार्ड नंबर 12 में होटल माया डीलक्स के पीछे भारी गंदगी का आलम है नालिया चौक हैं चारों तरफ कचरा फैला हुआ है जिससे बदबू से मोहल्ला के लोग भारी परेशान हैं जिसके चलते विभिन्न प्रकार की बीमारियां भी फैल रही है नगर पालिका इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं अध्यक्ष सीएमओ आम लोगों के फोन भी नहीं उठाते हैं स्थानीय लोगों ने साफ सफाई कराए जाने की मांग की है जबकि बरसात का मौसम आने वाला है जबकि बरसात के पूर्व संपूर्ण नगर में विधिवत साफ सफाई होना चाहिए तथा नाला एवं नालियों की सफाई हो जिससे कहीं पर भी पानी अवरोध ना हो।

### स्कूटी चलाते समय मोबाइल में लगी आग बाल बाल बचा युवक



**पन्ना।** जिला अस्पताल के सामने एक युवक पेंट की जेब में मोबाइल डालकर स्कूटी चला रहा था अचानक मोबाइल की बैटरी में आग लग गई जिससे युवक के कपड़े जलने लगे तत्काल उसने स्कूटी छोड़कर मोबाइल सड़क पर फेंक दिया उपस्थित लोगों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए मोबाइल पर पानी डाल दिया जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई रानी बाग निवासी मुकेश पिता पंचम वर्मा स्कूटी से बाजार गया था वापस घर लौट रहा था इस दौरान जिला अस्पताल के सामने मोबाइल में आग लग गई और यह दुर्घटना घटित हुई युवक का पांव भी बुरी तरह से जल गया तथा कपड़े भी जल गए लेकिन वह सुरक्षित बच गया।

### शान्या ऑटोमोबाइल्स में लगी आग, नगर में मची अफरा-तफरी, सड़क पर लगा जाम

# तेंदूखेड़ा में ऑटोमोबाइल्स दुकान में भीषण आग, 40 लाख का नुकसान






हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा

नगर में रविवार शाम उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब मुख्य जबलपुर मार्ग स्थित शान्या ऑटोमोबाइल्स की दुकान एवं गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम लगभग 5:15 बजे लोगों ने दुकान से धुआं निकलता देखा। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी नगरवासियों को मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। बस स्टैंड से लगभग 30 मीटर दूर स्थित दुकान के सामने मुख्य मार्ग पर देखते ही देखते सैकड़ों लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। अधिकांश लोग अपने मोबाइल फोन से आग की वीडियो रिकॉर्डिंग करने लगे, जिससे यातायात प्रभावित हुआ और मुख्य जबलपुर मार्ग पर लगभग 15 मिनट तक जाम की स्थिति बनी रही। आग की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड एवं पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस बल एवं दमकल वाहन मौके पर पहुंचे पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर सड़क पर जमा भीड़ को हटाया, जिसके बाद दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का कार्य शुरू किया। करीब 45 मिनट के प्रयास के बाद शाम लगभग 6 बजे आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस एवं संबंधित विभाग मामले की जांच में जुटे हुए हैं।प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस अग्निकांड में लगभग 35 से 40 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। हालांकि वास्तविक क्षति का आंकलन जांच और मूल्यांकन के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। समय रहते फायर ब्रिगेड एवं पुलिस के पहुंचने से आग को आसपास की दुकानों और प्रतिष्ठानों तक फैलने से रोक लिया गया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। नगरवासियों ने राहत एवं बचाव कार्य में जुटे पुलिस और दमकल विभाग के कर्मचारियों की सराहना की है। घटना के संबंध में शान्या ऑटोमोबाइल्स के संचालक मनीष साहू ने बताया कि आग किस कारण से लगी, इसकी जानकारी अभी नहीं है।

उन्होंने बताया कि दुकान एवं गोदाम में बड़ी मात्रा में टायर, ट्यूब, ऑटोमोबाइल्स पार्ट्स तथा विभिन्न वाहनों के फाइबर बॉडी पार्ट्स रखे हुए थे, जो आग की चपेट में आ गए। दुकान में लगभग 40 लख रुपए का नुकसान हुआ है।

## सारसबगली चौकी में आयोजित हुई चीता चौपाल



### ग्रामीणों को वन एवं वन्यजीव संरक्षण की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व की सर्रा रेंज अंतर्गत सारसबगली चौकी में "चीता चौपाल" कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को वन, वन्यजीवों तथा विशेष रूप से चीतों के संरक्षण एवं उनके व्यवहार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराना था। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को वन्य प्राणियों, पशु-पक्षियों एवं पेड़-पौधों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रोजेक्टर एवं प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जंगल में पाए जाने वाले विभिन्न वन्यजीवों जैसे चीता, बाघ, भालू, रीछ, सियार आदि की पहचान कराई गई। साथ ही क्षेत्र में पाई जाने वाली महत्वपूर्ण वनस्पतियों एवं औषधीय पौधों जैसे सागौन, बीजा, महुआ, हर्रा, बहेरा, आंवला सहित अन्य जड़ी-बूटियों के बारे में भी ग्रामीणों को अवगत कराया गया। चीता चौपाल का मुख्य उद्देश्य वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीतों की बसाहट को सफल बनाना तथा आसपास के ग्रामीणों में चीतों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर ग्रामीणों को चीतों की पहचान, उनकी जीवन शैली, व्यवहार तथा मानव-वन्यजीव द्वंद से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया गया कि चीता सामान्य परिस्थितियों में मनुष्यों पर हमला नहीं करता, जब तक कि उसे उकसाया न जाए। ग्रामीणों को यह भी समझाया गया कि यदि किसी क्षेत्र में चीता दिखाई दे तो घबराने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि तुरंत वन विभाग को सूचना दें तथा सुरक्षित दूरी बनाए रखें। कार्यक्रम में वनरक्षक पीयूष सिहारे एवं रघुवीर काछी द्वारा विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। उन्होंने ग्रामीणों को वन एवं वन्यजीव संरक्षण में जनसहभागिता की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। अधिकारियों ने बताया कि वन्यजीवों एवं उनके प्राकृतिक आवास के संरक्षण में स्थानीय समुदाय की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर परिक्षेत्र सहायक सारसबगली लाखन अहिरवार, वनरक्षक रितेश कुमार पटेल, रूप सिंह राय, सुरक्षा श्रमिक मोहन कुर्मी, हेमंत पटेल, सुदामा यादव, श्रीराम एवं पुनीत ठाकुर सहित वन विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा वन्यजीव संरक्षण संबंधी जानकारी प्राप्त की।

# जबेरा के समग्र विकास को लेकर समन्वय बैठक आयोजित

### तैयार होगा नगर का विजन डॉक्यूमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबेरा



ग्राम पंचायत जबेरा के समग्र विकास एवं आगामी वर्षों की कार्ययोजना तैयार करने के उद्देश्य से रविवार को ग्राम पंचायत भवन में समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह लोधी ने की। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, ग्राम सरपंच, उपसरपंच, पंचगण, जनप्रतिनिधि, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत विकास कार्यों को लेकर जबेरा के जागरूक नागरिक एडवोकेट पी.डी. प्रजापति द्वारा रखे गए महत्वपूर्ण सुझावों से हुई। उन्होंने नगर की वर्तमान आवश्यकताओं एवं भविष्य की विकास संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सड़क, यातायात, जल प्रबंधन, स्वच्छता, बाजार व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं नगर के सुनियोजित विस्तार से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे। उनके सुझावों के आधार पर उपस्थित नागरिकों ने भी अपने-अपने सुझाव एवं मांगें बैठक के समक्ष प्रस्तुत कीं।

बैठक में ग्राम विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा अनेक महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे गए। प्रमुख मांगों में श्रीराम चौराहा का विस्तारीकरण एवं सौंदर्यीकरण, बाजार क्षेत्र से अतिक्रमण हटाकर उसे पूर्व स्वरूप में विकसित करना, रिंग रोड निर्माण, मुख्य मार्गों पर डिवाइडर निर्माण, विधायक विश्राम गृह की स्थापना, छुईया नदी का गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण, पेयजल संकट के समाधान, विभिन्न वार्डों में सीसी रोड एवं नाली निर्माण, सामुदायिक भवनों का निर्माण एवं मरम्मत सहित कई विकास कार्य शामिल रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए सत्येंद्र सिंह लोधी ने कहा कि ग्राम पंचायत के सभी पंचों, बुद्धिजीवी वर्ग, राजनीतिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में इस बैठक का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य यह जानना है कि आने वाले 5 से 10 वर्षों में जबेरा नगर को किस स्वरूप में विकसित होते हुए देखा जाए, नगर की प्रमुख समस्याएं क्या हैं और विकास की प्राथमिकताएं क्या होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बैठक में प्राप्त सुझावों के आधार पर माननीय मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के नेतृत्व में जबेरा का एक विस्तृत विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जाएगा। इस दस्तावेज में नगर के विकास, आधारभूत संरचना, यातायात, जल व्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल किया जाएगा।

सत्येंद्र सिंह लोधी ने बताया कि केवल योजना बनाना ही उद्देश्य नहीं है, बल्कि आने वाले समय में इस विजन डॉक्यूमेंट की क्लोज मॉनिटरिंग करते हुए इसे चरणबद्ध एवं विधिवत रूप से धरातल पर लागू करने का भी प्रयास किया जाएगा, ताकि जबेरा को एक विकसित, सुव्यवस्थित एवं आधुनिक नगर के रूप में स्थापित किया जा सके। बैठक में उपस्थित लोगों ने नगर के विकास के लिए अपने सुझाव रखे तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। अंत में सभी ने जबेरा के सुनियोजित एवं समग्र विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## भाजपा की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न



**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिला संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश महामंत्री एवं संभागीय प्रभारी गौरव रणदिवे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतानंद गौतम, जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, सागर के पूर्व जिलाध्यक्ष जाहर सिंह, जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी, महेश पटेल एवं अरूण तिवारी मंचासीन रहे। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात मंचासीन अतिथियों का पुष्पहार एवं भाजपा पट्टिका पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री एवं संभागीय प्रभारी गौरव रणदिवे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी और अनुशासित राजनीतिक पार्टी है, जिसका मूल आधार कार्यकर्ता है। हम सभी को संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाना हैं, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएं एवं आगामी कार्यक्रमों को पूरी ऊर्जा के साथ सफल बनायें। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतानंद गौतम ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। कार्यकर्ताओं से संवाद, समन्वय और सेवा भाव के साथ कार्य करें। जनता के बीच निरंतर सक्रिय रहे, यही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि जिले में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सभी मंडलों एवं बूथों पर नियमित बैठकें आयोजित की जा रही है। आप सभी कार्यकर्ता पार्टी की रीति-नीति और सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं तथा आगामी अभियानों में बढ़-चढ़कर सहभागिता सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पदाधिकारी गण, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गणों उपस्थित रहे।

## महिला जैन मिलन की मासिक बैठक संपन्न, पौधों का किया गया वितरण




**दमोह।** महिला जैन मिलन नगर शाखा, दमोह क्षेत्र क्रमांक 10 द्वारा मासिक बैठक का सफल आयोजन वीरांगना रजनी जैन के सौजन्य से अध्यक्ष वीरांगना संगीता जैन, मंत्री वीरांगना हिना पलंदी व प्रचारमंत्री वर्षा जैन की उपस्थिति में किया गया। बैठक का शुभारंभ जैन परंपरा के अनुसार सर्वप्रथम महावीर प्रार्थना के साथ अत्यंत भक्तिमय माहौल में हुआ। बैठक के दौरान मुख्य रूप से जून माह में आयोजित होने वाले विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। सभी उपस्थित सदस्यों ने आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए अपने-अपने विचार और रचनात्मक सुझाव साझा किए। मासिक बैठक के साथ-साथ विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के उपलक्ष्य में एक विशेष और सराहनीय पहल की गई। प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए वीरांगना रजनी जैन ने शाखा की सभी सदस्य बहनों को पौधों का वितरण किया। ₹प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस छोटे से प्रयास के जरिए हम सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना चाहते हैं। इस अनूठे और पर्यावरण-हितैषी प्रयास की शाखा के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। सभी ने वितरित किए गए पौधों की देखभाल करने और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।

# चाकूबाजी के आरोपी को न्यायालय ने भेजा जेल

**तेंदूखेड़ा।** शुक्रवार को पुलिस थाना के समीप जामुनखेड़ा मार्ग पर हुए विवाद के दौरान एक युवक पर चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद दीपक प्रजापति ने शानू शेख पर चाकू से हमला कर दिया था। आरोपी द्वारा किए गए हमले में सानू शेख के पेट में गंभीर चोट आई थी। घटना के बाद घायल को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जबलपुर रेफर कर दिया गया। जबलपुर के एक निजी अस्पताल में सानू शेख का ऑपरेशन किया गया है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत में सुधार है, हालांकि उसे अभी भी विशेष निगरानी में रखा गया है। घटना की सूचना मिलते ही तेंदूखेड़ा पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी दीपक प्रजापति को गिरफ्तार कर लिया। रविवार सुबह पुलिस ने आरोपी को तेंदूखेड़ा न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस द्वारा मामले की आगे की जांच जारी है।

## देवडोगरा में श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह का भव्य आयोजन

**बनवार।** ग्राम देवडोगरा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत आज श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग बड़े ही धूमधाम और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे और कथा श्रवण कर धार्मिक लाभ प्राप्त किया। यह पावन कथा श्री चैतन्य महाराज वेदांत आचार्य जी के मुखारविंद से श्रवण कराई जा रही है। कथा का आयोजन देवडोगरा निवासी बृजेश पांडे परिवार द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति भाव से किया जा रहा है। विवाह प्रसंग के दौरान श्रीकृष्ण-रुक्मणी की भव्य एवं आकर्षक झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस सुंदर झांकी को दमोह से आए कलाकार सीताराम सोनी द्वारा विशेष रूप से तैयार किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा स्थल पर भक्ति, संगीत और जयकारों के बीच पूरा वातावरण धार्मिक रंग में रंग गया। श्रद्धालुओं ने इस दिव्य प्रसंग को जीवन का सौभाग्य बताते हुए भक्ति रस में डूबकर आनंद लिया।



## बछड़े को वाहन ने कुचला, मां गाय घंटों बिलखती रही

**पन्ना।** कस्बे की मुख्य सड़क पर आवारा मवेशियों की लापरवाही एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। शुक्रवार की दरमियानी रात ष्सतगुरू कलेक्शन सेंटरष् के सामने मुख्य मार्ग पर सड़क पर विचरण कर रहे एक बछड़े को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बछड़े की मौके पर ही मौत हो गई। वाहन चालक टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद का मंजर देखकर राहगीरों की आंखें नम हो गईं। मृत बछड़े की मां गाय काफी देर तक शव के पास खड़ी होकर बिलखती और रंभाती रही। वह बार-बार अपने बच्चे को सूंघती-चाटती रही, मानो उसे जिंदा करने की कोशिश कर रही हो। करीब 2 घंटे तक गाय वहां से नहीं हटी। स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि प्रशासन की उदासीनता के कारण शहर की सड़कों पर दिन-रात मवेशियों का जमावड़ा रहता है।

## श्री शिव साईं मंदिर बेलाताल टापू का प्रथम वर्षगांठ महोत्सव आज

**दमोह।** शहर के प्रसिद्ध श्री शिव साईं धाम, वेलाताल टापू पर मंदिर के प्रथम वर्षगांठ महोत्सव के अवसर पर 8 जून 2026, सोमवार को भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को सपरिवार एवं इष्टमित्रों सहित सादर आमंत्रित किया गया है। महोत्सव के अंतर्गत प्रातः 8:00 बजे से 9:00 बजे तक समस्त विग्रहों का पूजन किया जाएगा। इसके पश्चात प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक हवन एवं महाआरती का आयोजन होगा। दोपहर 12:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक भंडारे का आयोजन रखा गया है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इसके साथ ही शाम 7:30 बजे से रेलवे स्टेशन पर भोजन वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, जो सेवा भाव का विशेष संदेश देगा। कार्यक्रम का आयोजन श्री शिव साईं सेवा भाव परिवार द्वारा किया जा रहा है। आयोजन के प्रमुख पंडित श्री कमलेश्वरानंद जी महाराज के मार्गदर्शन में होगा। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## शासन द्वारा ग्राम पंचायतों में विकास कार्य के लिए जो राशि दी जाती है उसकी निष्पक्ष जाचं हो

**पथरिया।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायतों में विगत वर्षों में रेल्वे की तीसरी लाइन कार्य के चलते पहले खुदाई करके मुरम बेचकर पैसा कमाए उसके बाद मनरेगा योजना से जल गंगा, खेत तालाब व अन्य काम शुरू कर शासन के लाखों रुपए के कार्य स्वीकृत हो गयें जल गंगा में हितग्राहियों के लिए पहले विश्वास में लिया लेकिन जैसे ही हितग्राहियों को मालूम चला कि हमें जो पैसा मिला लेकिन हकीकत कुछ और है हितग्राहियों द्वारा खुलकर तो नही लेकिन नाम ना बताने पर बताया कि गई योजना में बहुत ज्यादा गड़बड़ी हुई लेकिन जिसको जांच करना है वही ख़ुद कार्य स्वीकृत कराने से लेकर हर काम में मदद कर रहे हैं तो ऐसे में जांच कौन करेगा। जिलें में ऐसी पहली जनपद पंचायत निकले जहां के अधिकारी को करीब 120-125 ग्राम पंचायतों का जिम्मा व 24 पंचायतों का उपयंत्री का प्रभार है अब खुद अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह कहां कहां जांच करने पहुंचते होंगे। ऐसे में कागजों पर योजना नही दौड़ेगी तो क्या .. ? हकीकत में योजना का हाल कुछ ऐसा है कि अगर प्रदेश से कोई टीम जनपद पंचायत में मनरेगा की निष्पक्ष जांच बिना सूचना के आकर कर जाए तो आधे से ज्यादा काम ढूंढने पर भी नही मिलेगा। वही जिनकी जिम्मेदारी है उनसे यह पूछा लिया जाए कि आपके द्वारा कितने कार्यों की स्वीकृति दी और कितने चालू है तो यही जबाब मिलेगा पूछकर बता पायेंगे रिकार्ड व आंकड़े नही स्पष्ट बता पायेंगे। शासन प्रशासन से मांग है कि ग्राम पंचायतों में शासन द्वारा जो विकास के नाम पर कार्य स्वीकृत किए जाते हैं कभी इसकी प्रदेश स्तर से टीम से अवलोकन कराया जाए जिससे हकीकत सामने आए कि वास्तव में शासन के पैसों का सही उपयोग किया जा रहा या नही।

## इंद्र का अहंकार टूटा, कृष्ण की लीला ने बचाया ब्रज, उमड़ा जनसैलाब



**बनवार।** बम्होरी ग्राम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान पांचवें दिन का प्रसंग भक्तों के लिए अत्यंत भावपूर्ण और प्रेरणादायक रहा। कथा वाचक पं. आशीष गुरु कृष्णचरणानुरागी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का विस्तार से वर्णन कर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। प्रवचन में उन्होंने बताया कि कंस द्वारा भेजी गई राक्षसी पूतना ने वेश बदलकर बालक श्रीकृष्ण को विष युक्त दूध पिलाने का प्रयास किया, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने उसे मोक्ष प्रदान कर दिया। इस प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इसके बाद गोवर्धन लीला का प्रसंग सुनाया गया, जिसमें ब्रजवासी भगवान इंद्र की पूजा की तैयारी कर रहे थे। श्रीकृष्ण ने उन्हें इंद्र पूजा के स्थान पर गोवर्धन महाराज की पूजा करने का संदेश दिया, जिससे इंद्रदेव क्रोधित हो उठे। अपने अहंकार में इंद्रदेव ने ब्रज पर मूसलाधार वर्षा कर दी। भारी वर्षा से जनजीवन संकट में आ गया, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठा अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर पूरे ब्रजवासियों की रक्षा की। सात दिनों बाद इंद्रदेव का अहंकार टूट गया और वर्षा शांत हो गई। इस अद्भुत लीला के बाद पूरे ब्रज में श्रीकृष्ण के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। कथा के समापन पर श्रद्धालुओं द्वारा छप्पन भोग का आयोजन किया गया, जिससे पूरा पंडाल भक्ति और श्रद्धा से भर गया। यह प्रसंग भक्तों को यह संदेश देता है कि सच्ची भक्ति और विश्वास के आगे अहंकार हमेशा पराजित होता है।

## खास बातें

### ग्रामीणों ने रात्रि पुलिस गस्त लगाए जाने कि मांग की

**गैसाबाद।** ग्राम में रात्रि पुलिस गस्त नहीं लगाए जाने से शराबियों का उत्पाद बढ़ने लगा है एवं रात्रि में चोरी चकारी होने की घटनाओं में भी इजाफा होने लगा है। बस स्टैंड पर देर रात तक दारु खोरी होना हवा में ही किसी को भी गाली गलोज करना शराबियों की आदत में सुमार हो चुका है। कुछ दुकानदारों ने अपना नाम नहीं छापने की शर्त पर हरिभूमि को बताया कि कुछ शराबी रात्रि में शराब पीकर हमारी दुकान पर आकर बैठ जाते हैं और हवा में ही गाली गलौज करते रहते हैं जिससे हमारी दुकान पर ग्राहकों को आने-जाने में असुविधा होती है। ग्रामीण जनों ने पुलिस प्रशासन से ग्राम में रात्रि पुलिस गस्त लगाए जाने की मांग की है।

### अंगद की तरह पैर जमाकर पदस्थ है अधिकारी कर्मचारी

**पथरिया।** शासन द्वारा पारदर्शिता की बात की जाती हो पर जब जब तबादला एक्सप्रेस चालू होती है शासन के नियमों का पालन नही किया जाता अनुविभाग अन्तर्गत कई कार्यालय में अधिकारी कर्मचारियों को तीन वर्ष तो दूर की बात 5-10 वर्ष हो गए पर तबादला सूची में नाम तक नही आता। शिक्षा,स्वास्थ्य,जनपद, मंडी हर जगह ऐसे ही हालात हैं। यही कारण रहता है कि वर्षों से एक ही स्थान पर जमें होने से अब कैसे मौसम चल रहा वैसे कार्य करते रहते हैं और अपने स्थान पर जमें बैठे हुए हैं। हालांकि पथरिया का पानी ऐसा है या तो चढ़ता नही और चढ़ गया तो उतरने में बहुत देर लगती है, ऐसे कई उदाहरण देखने को मिल जाएंगे। जनप्रतिनिधियों जब तक पद पर नही तो नियम कानून सबकी बात करते हैं और जैसे ही पद पर आसीन अपने अपने चहेते नजर आने लगते हैं इसी का फायदा मिल जाता है। अवैध उत्खनन पर कार्यवाही नही होना कही ना कही जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की मिली भगत है। पथरिया-क्षेत्र में जहां जहां भी सड़कों के कार्य चल रहे हैं और सड़क निर्माण में मिट्टी,मुरम की ठेकेदार को जरूरत है जहां मिट्टी मुरम पास में मिल जाए कोकलेन जेसीबी मशीन से खुदाई की जा रही है। क्षेत्र में अवैध उत्खनन का कारोबार चरम पर है जिसकी जनचर्चा है कि अधिकारियों द्वारा कार्यवाही नही की जाती है जबकि हकीकत यह है कि जहां भी अवैध उत्खनन की शिकायत मिलती है अधिकारी कार्यवाही को जैसे ही तैयार होते हैं पहुंच नही पाते और मोबाइल पर फोन आना शुरू हो जाते हैं।

# झलोन से लापता पेट्रोल पंप मैनेजर रूपेश जैन का शव कुएं में मिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

थाना क्षेत्र के झलोन क्षेत्र से घर से लापता हुए पेट्रोल पंप मैनेजर रूपेश जैन का शव ग्राम में पेट्रोल पंप के सामने स्थित नन्हे के कुएं में मिलने की सूचना है। घटना की खबर फैलते ही आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

सूचना मिलने पर पुलिस टीम भी घटनास्थल के लिए रवाना हो गई है। कुएं के आसपास बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा है। पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई और जांच की जा रही है। फिलहाल मौत के कारणों का आधिकारिक खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस जांच के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। झलौन निवासी मुकेश जैन के द्वारा इस संबंध में जानकारी दी गई है।

### पेट्रोल पंप मालिक ने दिया पुलिस को शिकायती आवेदन

**तेंदूखेड़ा।** क्षेत्र के ग्राम झलौन स्थित अर्हम पेट्रोलियम पेट्रोल पंप के मैनेजर रूपेश जैन के अचानक लापता होने और पंप के कैश एवं बिक्री के हिसाब में लगभग 7.25 लाख रुपये का अंतर सामने आने से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। मामले में पुलिस द्वारा गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार अर्हम पेट्रोलियम के संचालक शिवांजय जैन ने थाना तेंदूखेड़ा में दिए गए आवेदन में बताया है कि रूपेश जैन लंबे समय से पंप में मैनेजर के रूप में कार्यरत था। 5 जून 2026 को पंप के वित्तीय रिकॉर्ड और उपलब्ध नकदी का मिलान करने पर लगभग 7.25 लाख रुपये की राशि का अंतर पाया गया। इस संबंध में रूपेश जैन से फोन पर संपर्क करने पर उसने बताया कि वह जबलपुर में है तथा उक्त राशि उसके पास सुरक्षित है, जिसे वह अगले दिन दमोह पहुंचा देगा। शिकायतकर्ता के अनुसार इसके बाद रूपेश से कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उसका फोन रिसीव नहीं हुआ। देर रात व्हाट्सएप संदेश भेजने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिला। अगले दिन सुबह फोन लगाने पर उसके परिवार के एक सदस्य ने बताया कि रूपेश पिछली रात से घर से गायब है और अपना मोबाइल फोन घर पर ही छोड़ गया है। वहीं दूसरी ओर, झलौन निवासी 26 वर्षीय रूपेश जैन के परिजनों ने भी तेंदूखेड़ा थाना में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट शनिवार को दर्ज कराई है। परिजनों के अनुसार रूपेश शुक्रवार रात अपने घर के समीप पुराने बाजार क्षेत्र में कुछ मित्रों के साथ बैठा हुआ था। बताया जाता है कि वह रात लगभग 12 बजे तक वहां मौजूद था, जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल पाया। परिवार एवं परिचितों ने आसपास के क्षेत्रों में उसकी तलाश की। रविवार की रात खोजबीन में उसका शव कुएं में मिला।

## घर से काम के लिए निकला युवक बेहोशी हालत में सडक किनारे मिला

**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा से 5 किलोमीटर दूर ग्राम मानपुरा तिगड्डा के पास अपने घर मानपुरा से काम के लिए निकला युवक बेहोशी हालत सुबह 10 बजे सडक किनारे मिला। अजय पिता गोपाल गौड़ 32 सुबह 8 बजे घर से मजदूरी करने प्रतिदिन की तरह निकला था। ग्राम मानपुरा से 1 किलोमीटर दूर तिगड्डा पर सडक किनारे बेहोशी की हालत में अजय के साढू भाई बालकिशन निवासी हुलासपुरा को पडा मिला। साढू भाई ने अजय के घर जाकर पिता को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे अजय को लेकर दोपहर 11 बजे घर लेकर आएं। उसके बाद दोपहर 3 बजे नगर की सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डांक्टर गुलाब तिवारी ने अजय को मृत घोषित कर दिया। अजय के पिता ने बताया कि अजय को सिर के बगल से चोट का निशान दिख रहा था उसकी हल्की हल्की सांस चल रही थी घर लेकर आएं फिर उसके बाद दोपहर में अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डांक्टर ने मृत घोषित कर दिया। डांक्टर गुलाब तिवारी ने कहा कि पोस्टमार्टम होने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस द्वारा जांच की जा रही हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

### पत्नी और कथित प्रेमी पर हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन/तेंदूखेड़ा



थाना क्षेत्र के ग्राम झलोन में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। शनिवार रात युवक का शव उसके घर में जमीन पर पड़ा मिला। घटना के बाद परिजनों ने मृतक की पत्नी और उसके कथित प्रेमी पर प्रताड़ना एवं हत्या के आरोप लगाए हैं। वहीं पत्नी ने इन आरोपों को खारिज करते हुए पति द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात कही है। पुलिस ने रविवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान ग्राम झलोन निवासी 40 वर्षीय मंगल रैकवार के रूप में हुई है। घटना को लेकर परिजनों और मृतक की पत्नी के बयान अलग-अलग हैं। पत्नी दसोदा रैकवार का कहना है कि मंगल ने फांसी लगाकर आत्महत्या की, जबकि परिजनों का दावा है कि शव फंदे पर नहीं बल्कि जमीन पर पड़ा मिला था। घटना की जानकारी पड़ोसियों द्वारा परिजनों को दी गई, जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे और शव को तेंदूखेड़ा लेकर आए। मृतक के भाई राजू रैकवार ने आरोप लगाया कि उसकी भाभी और रामशंकर रैकवार के बीच पिछले तीन वर्षों से प्रेम संबंध थे। उनके अनुसार मंगल इस संबंध के कारण मानसिक रूप से परेशान रहता था। राजू ने बताया कि करीब तीन वर्ष पूर्व दोनों को तेंदूखेड़ा में एक साथ पकड़ा गया था, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि शनिवार शाम तालाब से मछली पकड़कर घर लौटा था, जिसके बाद घर में विवाद भाभी और भाई के बीच विवाद हुआ था। परिजनों का आरोप है कि विवाद के दौरान मंगल रैकवार के साथ मारपीट की गई और बाद में उसे फंदे पर लटकाया गया। उनका दावा है कि मौत होने के बाद शव को नीचे उतार दिया गया, जिससे घटना को आत्महत्या का रूप दिया जा सके।

तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी रविंद्र बागरी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है तथा मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## हजरत बाबा मेहबूब शाह का उर्स सद्भाव पूर्ण माहौल में सम्पन्न





**हिण्डोरिया।** हिंदू मुस्लिम कौमी एकता के प्रतीक हजरत बाबा महबूब शाह रहमतुल्ला अलैय का 84 वां उर्स नगर में आपसी सदभाव पूर्ण माहौल में अजीमों शानों शौकत के साथ बनाया गया । इस मौके पर शनिवार की तमाम रात्रि मशहूर कव्वाल अनीश नवाब एवं मुराद आतिश के मध्य शानदार कव्वालियों का प्रोग्राम पेश किया गया । एवं कव्वाल प्रेमियों द्वारा फनकारों का उनके कलामों पर खूब हौसला अफ़ज़ाई की गई। उर्स कमेटी के अध्यक्ष जनाब दिलावर खान ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर उर्स कमेटी के सभी सक्रिय जवाबदारी पदाधिकारियों, नगर परिषद, पुलिस विभाग, बिजली विभाग एवं और उर्स मे शिरकत करने वाली हजारों जायरीन हजरात का आभार व्यक्त किया है।

**कव्वाल अनीश नबाब एवं मुराद आतिश के मध्य कव्वालियों का जोरदार मुकाबला हुआ**

## मित्रता निभाना द्वारिका धीश श्री कृष्ण से सीखना चाहिए- किशोरी निधी गर्ग

**दमोह।** ग्राम भौंरासा में चल रहे श्रीमद् श्रीमद् भागवत कथा के सातवे दिवस में कथा वाचक किशोरी निधी गर्ग ने बताया कि एक मित्र ब्राह्मण भगवान श्री कृष्ण के परम मित्र थे बड़े ज्ञानी विषयों से विरक्तशांतिचित्र तथा जितेंद्रिय थे। वे गृहस्थी होकर भी किसी प्रकार का संग्रह परिग्रह न करने प्रारब्ध अनुसार जो भी मिल जाता उसी में संतुष्ट रहते थे। उनके वस्त्र फटे पुराने थे उनकी पत्नी के वस्त्र भी वैसे ही थे उनकी पत्नी का नाम सुशीला था नाम के अनुसार वह शीलवती भी थीं। वह दोनों भिक्षा मांगकर लाते और उसे ही खाते, लेकिन यह बहुत दिन तक नहीं चल सका कुछ वर्षों के बाद सुशीला इतनी कमजोर हो गई की चलने फिरने में उसका शरीर कांपने लगता। तब सुशीला का धैर्य थोड़ा काम हुआ और उन्होंने सुदामा से प्रार्थना की की वह अपने बचपन के मित्र श्री कृष्ण के पास जाएं वे शरणागतवत्सल है । यदि अपनी स्थिति से उनको परिचय कराएंगे तो वह अवश्य ही हमारी मदद करेंगे ऐसा सुनकर वह अपनी पत्नी से बोले यदि कोई भेंट देने योग्य वस्तु है तो देदो तब सुशील ने पड़ोस के घर से चार मुट्ठी तंदुल मांगी और अपनी साड़ी का एक टुकड़ा फाड़ का उसमें बंद कर दे दिया सुदामा चल पड़े चलते-चलते वह जंगल के रास्ते समुद्र के पास पहुंचे भूख और प्यास से व्याकुल होकर वह वही रास्ते में ठक्कर सो गए श्री कृष्णा अंतर्यामी तो थे । उन्होंने देखा उनका प्रेमी भक्ति सुदामा उनसे मिलने आ रहा है। वह नहीं जानते थे कि सुदामा को किसी प्रकार का कष्ट हो ।इसीलिए उन्होंने योग माया से जैसा कहा उन्होंने वैसा ही किया जब प्रातः काल सुदामा ने अपनी आंख खोली तो देखा कि वह द्वारका देश भगवान कि यहां जय जयकार हो रही थी सुदामा कि भगवान से भेंट होती है।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता अभियान एवं पौधारोपण, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**दमोह।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लीनेश सदस्यों द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान पौधारोपण, स्वच्छता अभियान तथा पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाकर लोगों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए लीनेश अध्यक्ष रजनी खरे ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने, जल संरक्षण करने तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान संगठन के सदस्यों ने पौधारोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। सभी उपस्थितजनों ने स्वच्छ, हरित एवं प्रदूषण-मुक्त वातावरण के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास करने की शपथ भी ली। सचिव ज्योति चिले ने कहा, "प्रकृति हमारी धरोहर है। इसकी रक्षा करना केवल हमारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारा कर्तव्य भी है।" कोषाध्यक्ष माया यादव ने अपने संबोधन में कहा, "पर्यावरण हमारी अमूल्य धरोहर है। स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण के बिना स्वस्थ जीवन की कल्पना संभव नहीं है। आइए, हम सभी अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें, जल एवं ऊर्जा का संरक्षण करें, प्लास्टिक का उपयोग कम करें और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। आज का छोटा-सा प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित और सुरक्षित भविष्य का निर्माण कर सकता है।" कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे न केवल पौधे लगाएंगे, बल्कि उनकी नियमित देखभाल भी करेंगे, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण प्राप्त हो सके। इस अवसर पर अंजना सोनी, कविता चंदानी, सुनीता अग्रवाल, रचना, ऋतु यादव, आशा अग्रवाल, पदमा दुबे, ज्योति सचदेव, स्मृति खरे सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



## संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प

**बनवार।** जबेरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नोहटा उपब्लॉक कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन विस्तार, जनसमस्याओं और आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में मंडलम खमरिया मौजीलाल, नोहटा नगर, साखा मंडलम सहित विभिन्न ग्राम पंचायत अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक में विधानसभा प्रभारी रमाकांत यादव ने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखे आरोप लगाते हुए कहा कि महंगाई, खाद की कमी, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतें और शिक्षा व्यवस्था की स्थिति चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि किसान आज खाद और बीज की कमी से परेशान हैं। पूर्व विधायक प्रताप सिंह ने संगठन को मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के सुझावों को शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास के नाम पर भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी बढ़ रही है, जिससे आम जनता प्रभावित है। बैठक में नीट परीक्षा पेपर लीक जैसे मामलों का भी जिक्र हुआ, जिसमें लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित होने की बात कही गई। साथ ही किसानों की समस्याओं और खाद की कमी को लेकर आगामी बड़े आंदोलन की बात भी रखी गई। जिला पंचायत सदस्य रजनी ठाकुर ने कहा कि वर्तमान समय में कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि जनता परिवर्तन के मूड में है और आगामी चुनावों में बदलाव तय है। बैठक के अंत में निर्णय लिया गया कि संगठन को गांव-गांव और बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा तथा आने वाले कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

## जुलाई के अंत बाड़े तैयार, अगस्त अंत तक रिजर्व में चीता शिफ्ट होने की उम्मीद

**तेंदूखेड़ा।** वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व चीतों का तीसरा घर बनने जा रहा है. इसके लिए टाइगर रिजर्व के अंदर करीब 600 वर्ग किलोमीटर की जगह चिन्हित की गई है. और तैयारी भी जोर-जोर से चल रही है. इसके अलावा जो वनरक्षक है. उनको भी इसको लेकर कूनो में प्रशिक्षण दिलवाया जा रहा है. जंगल के अंदर जो गांव अभी विस्थापन के लिए बच्चे हैं हजारों लोग रह रहे हैं. उनके लिए भी चीता चौपाल लगाई जा रही है इनको लेकर जो भ्रांतियां हैं लोगों के मन में नेगेटिव बातें बैठी हुई है उनको दूर किया जा रहा है इनके संरक्षण का उद्देश्य और महत्व बताया जा रहा है। आज हम बड़ी बिल्ली प्रजाति के सबसे छोटे वन्य जीव कहलाने वाले चीता के बारे में बात करेंगे. इनकी क्या खासियत होती है. यह तेंदुआ और टाइगर से कितने अलग होते हैं इनका व्यवहार किस तरह का होता है. किस तरह से यह रहना शिकार करना पसंद करते हैं. नौरादेही टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश सिंह बताते हैं कि चीता घास के मैदान और खुले क्षेत्र में रहना पसंद करते हैं. यह अपनी अद्भुत रफ्तार और रफ्तार के लिए दुनिया भर में जाने जाते हैं. इनके जो शिकार करने का जो तरीका है।

### रफ्तार बनी सबसे बड़ी ताकत

इनका जो शिकार ब्लैक बग चीतल चिंकारा नीलगाय के छोटे बच्चे यानी कि कम वजन वाले जो वन्य जीव होते हैं. उनको पहले चेस करते हैं चेस करने के दौरान ही उनका शिकार करते हैं और उनकी कोशिश होती है. वह एक बार के हमले में ही मर जाए, जिससे ना तो छुपाने का डर हो और ना ही रखने का है. यह बहुत ही कम समय में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से भी दौड़ सकते हैं. इन्हें धरती पर रहने वाले सबसे तेज दौड़ने वाले वन्यजीवों में गिना जाता है. चीतो की एक और प्रवृत्ति होती है कि वह टाइगर और तेंदुआ की तरह अकेले नहीं होते हैं. ग्रुप में रहना पसंद करते हैं. उनके ग्रुप में जो दो-तीन भाई-बहन होते हैं. वह जिंदगी भर साथ रहते हैं साथ घूमते हैं और शिकार करते हैं. इसलिए इनको सामाजिक होना भी कहा जाता है।

# मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की महाबैठक संपन्न

### टीईटी शिक्षकों के लिए अध्यादेश और त्रिभाषा पाठ्यक्रम लागू करने सहित कई बड़े फैसलों पर लगी मुहर
### महेश गुप्ता बनाए गए जिला सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिला मुख्यालय पर मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की एक अत्यंत महत्वपूर्ण और व्यापक संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। संपन्न हुई एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक में शासकीय माध्यमिक विद्यालय सिंधी कैंप दमोह के महेश कुमार गुप्ता को संगठन विस्तार के तहत जिला सचिव का दायित्व' सौंपा गया।इस बैठक में दमोह जिले के सभी विकासखंडों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव और संगठन मंत्रियों ने हिस्सा लिया। बैठक में प्रांतीय और संभागीय नेतृत्व की मौजूदगी में शिक्षा, शिक्षक हित और पर्यावरण से जुड़े कई दूरगामी निर्णय लिए गए। इन बड़े प्रस्तावों और कार्ययोजनाओं पर बनी सहमति- टीईटी शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण धारवाड़ में हुई अखिल भारतीय बैठक की रणनीति के तहत, राज्य के टीईटी शिक्षकों की गंभीर समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही संसदीय समिति से भेंट करेगा। संगठन का प्रयास है कि इस विषय पर केंद्र/राज्य सरकार द्वारा अध्यादेश लाया जाए। एनईपी 2020 और त्रिभाषा पाठ्यक्रमरू' राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों को गति देते हुए जिले के विद्यालयों में इसी सत्र (वर्ष 2026) से श्त्रिभाषा पाठ्यक्रमश को पूरी तरह लागू करने पर वैचारिक सहमति बनी।' 'संत रविदास जी का 650वां प्राकट्य उत्सवरू' महान संत शिरोमणि रविदास जी के आगामी 650वें प्राकट्य उत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए जिला और संभाग स्तर पर विशेष और भव्य सांस्कृतिक व शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मानरू' राष्ट्र निर्माता शिक्षकों के योगदान को रेखांकित करने के लिए आगामी '26 अगस्त' को एक वृहत शिक्षक सम्मेलनश आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिले के सभी सेवा प्रवृत्त शिक्षकों का नागरिक अभिनंदन होगा।

आगामी संगठनात्मक कैलेंडर- बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला नेतृत्व ने आगामी महीनों के लिए संगठन का रोडमैप भी जारी कियाश 26-28 जून 2026 प्रांतीय दिशा-निर्देशों के तहत तीन दिवसीय श्प्रदेश अभ्यास वर्गश का आयोजन। जुलाई 2026 पूरे जिले में नए सदस्यों को जोड़ने के लिए श्सदस्यता महाअभियान। गुरु पूर्णिमा व हरियाली अमावस्या पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ श्गुरुछाया प्रकल्पश के तहत जिला भर में व्यापक वृक्षारोपण। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार जैन, संभागीय अध्यक्ष प्रमेन्द्र कुमार जैन, जिला अध्यक्ष कमलेश सेन, संगठन मंत्री एल. पी. चौरसिया, सह संगठन मंत्री प्रदीप अग्रवाल व पारस जी जैन, श्हमारा विद्यालय हमारा तीर्थश के प्रांत सह संयोजक संजय पाठक, कोषाध्यक्ष-अरविन्द चौराहा, वरिष्ठ शिक्षक भागचंद जैन, नीलेश जैन, जितेन्द्र खटीक, अमित जैन (पटेरा), संदीप जी (हटा), महेश विश्वकर्मा (जबेरा), नीतेश पाठक (दमोह), अरविन्द पटैल (पथरिया) तथा श्रीमती दीपमाला जैन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## कई जन्मों के पुण्य से मिलता है भागवत श्रवण का सौभाग्य- पं. वीरेंद्र शास्त्री

### हटा थाना परिसर मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में मना श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



**हटा।** नगर के पुलिस थाना परिसर स्थित श्री कौशलेंद्र सरकार मंदिर में आयोजित सप्तदिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस पर बड़े हर्ष और उल्लास के साथ श्रीकृष्ण जन्म महोत्सव मनाया गया। कथा पंडाल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास पं. वीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि जन्मों के पुण्यों का उदय होने पर ही श्रीमद् भागवत कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है। यह केवल कथा नहीं, साक्षात भगवान का वांग्मय स्वरूप है। उन्होंने कहा कि जब भक्त समर्पण भाव से भगवान की भक्ति करता है, तब उसका हृदय ही वृंदावन बन जाता है। कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्म की मनोहारी झांकी सजाई गई। जैसे ही नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की का उद्घोष हुआ, पूरा पंडाल भक्ति और आनंद से झूम उठा। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को बधाइयां दीं और नाच-गाकर उत्सव मनाया। पं. शास्त्री ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से जीव का कल्याण हो जाता है। पुरुषोत्तम मास के इस पावन अवसर पर कथा सुनना और भी फलदायी है। चतुर्थ दिवस की कथा में उन्होंने ठाकुर जी के अवतार लेने की लीला, कंस के अत्याचार और देवकी-वासुदेव के कारागार में जन्म लेने की कथा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जब-जब धरती पर पाप बढ़ता है, धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान अवतार लेते हैं। कथा में भजन-कीर्तन के साथ भक्तों ने सहज भाव से भगवान की भक्ति का रसपान किया। अंत में आरती और प्रसाद वितरण के साथ कथा को विराम दिया गया। कथा के अगले दिनों में भगवान की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजन का वर्णन किया जाएगा।